परिशिष्ट

VI

# संविधान संशोधनः एक नजर में
# (Constitutional Amendments at a Glance)

| *संशोधन संख्या एवं वर्ष* | *संविधान के संशोधित प्रावधान* |
|---|---|
| प्रथम संशोधन अधिनियम, 1951 | 1. सामाजिक और आर्थिक तथा पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए विशेष उपबंध बनाने हेतु राज्यों को शक्ति प्रदान की गई।<br>2. कानून की रक्षा के लिए संपत्ति अधिग्रहण आदि की व्यवस्था।<br>3. भूमि सुधार एवं न्यायिक समीक्षा से जुड़े अन्य कानून को नौवीं सूची में स्थान<br>4. विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर तीन और प्रमुख कारणों से प्रतिबंध की कवायद, जैसे-लोक आदेश, विदेशी राज्यों के साथ दोस्ताना संबंध, किसी अपराध के लिए भड़काना। प्रतिबंधों को तर्कसंगत बनाया और इस प्रकार ये न्याययोज्य हैं।<br>5. यह व्यवस्था की कि राज्य ट्रेडिंग और राज्य द्वारा किसी व्यापार या व्यवसाय के राष्ट्रीयकरण को केवल इस आधार पर अवैध घोषित नहीं किया जा सकता कि यह व्यापार या व्यवसाय के अधिकार का उल्लंघन करता है। |
| द्वितीय संशोधन अधिनियम, 1952 | लोकसभा में एक सदस्य के प्रतिनिधित्व को 7,50,000 लोगों से अधिक किया गया। |
| तृतीय संशोधन अधिनियम, 1954 | संसद को खाद्य पदार्थ, पशुचारा, कच्चा कपास, कपास के बीज एवं कच्चे जूट के उत्पादन, आपूर्ति और वितरण पर नियंत्रण के लिए लोक हित में शक्तिशाली बनाया गया। |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| चौथा संशोधन अधिनियम, 1955 | 1. निजी संपत्ति के अनिवार्य अधिग्रहण के स्थान पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति की प्रमात्रा को न्यायालय की जांच से बाहर किया गया।<br>2. किसी व्यापार को राष्ट्रीयकृत बनाने के लिए राज्यों को अधिकार।<br>3. नौवीं अनुसूची में कुछ और अधिनियमों की बढ़ोतरी।<br>4. अनुच्छेद 31क के क्षेत्र में विस्तार (विधियों की व्यावृत्ति)। |
| पांचवां संशोधन अधिनियम, 1955 | राष्ट्रपति को यह शक्ति प्रदान की गई कि वह राज्यों के क्षेत्र, सीमा और नामों को प्रभावित करने वाले प्रस्तावित केन्द्रीय विधान पर अपने मत देने के लिए राज्यमण्डलों हेतु समय-सीमा का निर्धारण करें। |
| छठा संशोधन अधिनियम, 1956 | केंद्रीय सूची में नए विषयों का जुड़ाव, जैसे—अंतर्राज्यीय व्यापार और वाणिज्य के तहत वस्तुओं की खरीद-बिक्री पर कर और इसी संबंध में राज्यों की शक्तियों पर पाबंदियां। |
| 7वां संशोधन अधिनियम, 1956 | 1. राज्यों के चार वर्गों की समाप्ति; जैसे—भाग-क, भाग-ख, भाग-ग और भाग-घ इनके स्थान पर 14 राज्यों एवं छह केंद्रशासित प्रदेशों को स्वीकृति।<br>2. केंद्रशासित प्रदेशों में उच्च न्यायालयों के न्यायक्षेत्र का विस्तार।<br>3. दो या उससे अधिक राज्यों के बीच सामूहिक न्यायालय की स्थापना।<br>4. उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश एवं कार्यकारी न्यायाधीश की नियुक्ति की व्यवस्था। |
| 8वां संशोधन अधिनियम, 1960 | अनुसूचित जाति एवं जनजाति को आरक्षण व्यवस्था में विस्तार और आंग्ल भारतीय प्रतिनिधि की लोकसभा एवं विधानसभाओं में दस वर्ष के लिए बढ़ोतरी। (1970 तक) |
| 9वां संशोधन अधिनियम, 1960 | भारत-पाक समझौते (1958) के अनुसार पाकिस्तान को बेरूबाड़ी संघ (पश्चिम बंगाल स्थित) के भारतीय राज्यक्षेत्र का समर्पण। |
| 10वां संशोधन अधिनियम, 1961 | दादरा और नागर हवेली को भारतीय संघ में जोड़ना। |
| 11वां संशोधन अधिनियम, 1961 | 1. उपराष्ट्रपति की निर्वाचन प्रणाली में परिवर्तन: संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की बजाय निर्वाचक मण्डल की व्यवस्था।<br>2. राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के निर्वाचन को उपयुक्त निर्वाचक मण्डल में रिक्तता के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती। |
| 12वां संशोधन अधिनियम, 1962 | गोवा, दमन और दीव भारतीय संघ में शामिल। |
| 13वां संशोधन अधिनियम, 1962 | नागालैंड को राज्य का दर्जा एवं इसके लिए विशेष उपबंध। |
| 14वां संशोधन अधिनियम, 1962 | 1. पुडुचेरी भारतीय संघ में शामिल।<br>2. हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गोवा, दमन एवं दीव तथा पुडुचेरी के लिए विधानमंडल एवं मंत्रिपरिषद की व्यवस्था। |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| 15वां संशोधन अधिनियम, 1963 | 1. उच्च न्यायालय को किसी व्यक्ति या प्राधिकरण के खिलाफ ।राज्यों के बाहर भी दायर करने का अधिकार रिट। यदि इसका कारण उसके क्षेत्राधिकार में उत्पन्न हुआ हो।<br>2. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष।<br>3. उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की उसी उच्च न्यायालय में कार्यकारी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की व्यवस्था।<br>4. एक उच्च न्यायालय से दूसरे में स्थानांतरण पर न्यायाधीशों को क्षतिपूरक भत्तों का भुगतान।<br>5. उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की उच्चतम न्यायालय में अस्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की व्यवस्था।<br>6. उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की उम्र के निर्धारण हेतु प्रक्रिया की व्यवस्था। |
| 16वां संशोधन अधिनियम, 1963 | 1. राज्यों को वाक् और अभिव्यक्ति स्वतंत्रता, शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन और राष्ट्र की संप्रभुता और अखण्डता के हितों में संगम बनाने के अधिकारों पर और अधिक प्रतिबंध लगाने की शक्ति प्रदान की गई।<br>2. विधानमण्डल के निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों, विधानमण्डल के सदस्यों, मंत्रियों, न्यायाधीशों और भारत के नियंत्रक और लेखा परीक्षक द्वारा ली जाने वाली शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप में संप्रभुत और अखण्डता को शामिल किया गया। |
| 17वां संशोधन अधिनियम, 1964 | 1. यदि भूमि का बाजार मूल्य बतौर मुआवजा न दिया जाए हो तो व्यक्तिगत हितों के लिए भू-अधिग्रहण प्रतिबंधित।<br>2. नौवीं अनुसूची में 44 और अधिनियमों की बढ़ोतरी। |
| 18वां संशोधन अधिनियम, 1966 | इस शक्ति को स्पष्ट कर दिया गया कि संसद को राज्य निर्माण का अधिकार है।इसमें यह भी स्पष्ट किया गया कि दो राज्यों को जोड़ने व पृथक् का अधिकार भी उसमें निहित है। |
| 19वां संशोधन अधिनियम, 1966 | निर्वाचन अधिकरणों की व्यवस्था समाप्त और उच्च न्यायालयों को निर्वाचन याचिका पर सुनवाई की शक्ति प्रदान। |
| 20वां संशोधन अधिनियम, 1966 | उत्तर प्रदेश में कुछ जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति को वैधता, जिनको उच्चतम न्यायालय ने अवैध घोषित किया था। |
| 21वां संशोधन अधिनियम, 1967 | सिंधी भाषा आठवीं अनुसूची में 15वीं भाषा के रूप में शामिल। |
| 22वां संशोधन अधिनियम, 1969 | असम में से एक अलग स्वायत्त राज्य मेघालय का निर्माण। |

| *संशोधन संख्या एवं वर्ष* | *संविधान के संशोधित प्रावधान* |
|---|---|
| 23वां संशोधन अधिनियम, 1969 | अनुसूचित जाति/जनजाति एवं आंग्ल-भारतीय प्रतिनिधित्व को लोकसभा एवं विधानसभा में इनके प्रतिनिधित्व की और अतिरिक्त दस वर्ष के लिए बढ़ोतरी (1980 तक)। |
| 24वां संशोधन अधिनियम, 1971 | 1. संसद को यह अधिकार कि वह संविधान के किसी भी हिस्से का, चाहे वह मूल अधिकार हो, संशोधन कर सकती है।<br>2. राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक संशोधन विधेयक को मंजूरी दी जानी जरूरी। |
| 25वां संशोधन अधिनियम, 1971 | 1. संपत्ति के मूल अधिकार में कटौती।<br>2. अनुच्छेद 39 (ख) या (ग) में वर्णित निदेशक तत्वों को प्रभावी करने के लिए बनाई गई किसी भी विधि को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि अनुच्छेद 14, 19 और 31 द्वारा अभिनिश्चित अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती। |
| 26वां संशोधन अधिनियम, 1971 | प्रीवी पर्स और प्रांतीय राज्यों के पूर्व शासकों के विशेषाधिकारों की समाप्ति। |
| 27वां संशोधन अधिनियम, 1971 | 1. कुछ केंद्रशासित राज्यों के प्रशासकों को अध्यादेश जारी करने के प्रति शक्तिशाली बनाया गया।<br>2. नए केंद्रशासित प्रदेशों अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम के लिए कुछ विशेष उपबंध।<br>3. नए राज्य मणिपुर के लिए विधानमंडल एवं मंत्रिपरिषद निर्माण के लिए संसद को अधिकार। |
| 28वां संशोधन अधिनियम, 1972 | आईसीएस अधिकारियों के लिए विशेष विशेषाधिकारों को समाप्त कर संसद को उनकी सेवा शर्तें तय करने का अधिकार। |
| 29वां संशोधन अधिनियम, 1972 | नौवीं अनुसूची में दो केरल भू-सुधार अधिनियमों को शामिल किया गया। |
| 30वां संशोधन अधिनियम, 1972 | नागरिक अधिकार संबंधित मामले में उच्चतम न्यायालय में अपील के लिए 20,000 रुपये की जरूरत खत्म एवं यह व्यवस्था दी कि यदि विधि की वास्तविक व्याख्या का कोई मामला हो तो ही उच्चतम न्यायालय में अपील हो सकती है। |
| 31वां संशोधन अधिनियम, 1972 | लोकसभा सीटों की संख्या 525 से बढ़ाकर 545। |
| 32वां संशोधन अधिनियम, 1973 | आंध्र प्रदेश में तेलंगाना क्षेत्र के लोगों की आकांक्षा के अनुसार उनकी संतुष्टि के लिए विशेष उपबंध। |
| 33वां संशोधन अधिनियम, 1974 | संसद या विधानमंडल के अध्यक्ष/सभापति द्वारा किसी सदस्य के इस्तीफे को मंजूर करने की व्यवस्था, यदि वह महसूस करें कि त्यागपत्र स्वैच्छिक या वास्तविक है। |
| 34वां संशोधन अधिनियम, 1974 | नौवीं सूची में विभिन्न राज्यों के बीस भू-सुधार एवं भू-पट्टेदारी (Land tenure) अधिनियम शामिल। |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| 35वां संशोधन अधिनियम, 1974 | सिक्किम की संरक्षण व्यवस्था को बर्खास्त करते हुए उसे भारतीय संघ का सहयोगी राज्य बनाया गया। भारतीय संघ में सिक्किम को जोड़े जाने की सेवा शर्तों के लिए 10वीं अनुसूची को जोड़ा गया। |
| 36वां संशोधन अधिनियम, 1975 | सिक्किम को भारतीय संघ का पूर्ण राज्य बनाकर दसवीं अनुसूची को समाप्त कर दिया गया। |
| 37वां संशोधन अधिनियम, 1975 | केंद्र शासित राज्य अरुणाचल प्रदेश के लिए विधानसभा और मंत्रिपरिषद की व्यवस्था। |
| 38वां संशोधन अधिनियम, 1975 | 1. राष्ट्रपति द्वारा आपातकाल की घोषणा गैर-वाद योग्य घोषित।<br>2. राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासकों द्वारा जारी अध्यादेश गैर-वाद योग्य घोषित।<br>3. राष्ट्रपति को विभिन्न आधारों पर राष्ट्रीय आपातकाल की विभिन्न घोषणाएं करने की शक्ति प्रदान की गई। |
| 39वां संशोधन अधिनियम, 1975 | 1. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष से संबंधित विवादों को न्यायालय के क्षेत्राधिकार से बाहर रखा गया। इन सबका निर्धारण संसद द्वारा निर्धारित प्राधिकरण के द्वारा किया जाएगा।<br>2. नौवीं अनुसूची में कुछ केन्द्रीय अधिनियमों का समायोजन। |
| 40वां संशोधन अधिनियम, 1976 | 1. संसद को समुद्रीय जल, महाद्वीपीय मग्नतट, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (एस ई जैड) और भारत के समुद्रीय जोनों की सीमाओं के समय-समय पर निर्धारण की शक्ति।<br>2. ज्यादातर भू सुधार से संबंधित 64 और अन्य केंद्र और राज्य विधियों को नौवीं सूची में शामिल किया गया। |
| 41वां संशोधन अधिनियम, 1976 | राज्य लोक सेवा आयोग एवं संयुक्त लोक सेवा आयोग के सदस्यों की आयु सीमा 60 से 62 वर्ष की गई। |
| 42वां संशोधन अधिनियम, 1976<br>(सबसे महत्वपूर्ण संशोधन इसे लघु संविधान के रूप में जाना जाता है। इससे स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों को प्रभावी बनाया) | 1. तीन नए शब्द जोड़ गए (समाजवादी, धर्म निरपेक्ष एवं अखंडता)<br>2. नागरिकों द्वारा मूल कर्तव्यों को जोड़ा गया (नया भाग IVक)<br>3. राष्ट्रपति को कैबिनेट की सलाह के लिए बाध्यता।<br>4. प्रशासनिक अधिकरणों एवं अन्य मामलों पर अधिकरणों की व्यवस्था (भाग XIV क जोड़ा गया)<br>5. 1971 की जनगणना के आधार पर 2001 तक लोकसभा सीटों एवं राज्य विधानसभा सीटों को निश्चित किया गया।<br>6. सांविधानिक संशोधन को न्यायिक जांच से बाहर किया गया।<br>7. न्यायिक समीक्षा एवं रिट न्यायक्षेत्र में उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों की शक्ति में कटौती। |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| | 8. लोकसभा एवं विधानसभा के कार्यकाल में 5 से 6 वर्ग की बढ़ोतरी।<br>9. निदेशक तत्वों के कार्यान्वयन हेतु बनाई गई विधियों को न्यायालय द्वारा इस आधार पर अवैध घोषित नहीं किया जा सकता कि ये कुछ मूल अधिकारों का उल्लंघन हैं।<br>10. संसद को राष्ट्र विरोधी कार्यकलापों के संबंध में कार्यवाही करने के लिए विधियां बनाने की शक्ति प्रदान की गयी और ऐसी विधियां मूल अधिकारों पर अभिभावी होंगी।<br>11. तीन नए निदेशक तत्व जोड़े गए अर्थात समान न्याय और निशुल्क विधिक सहायता, उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों का भाग लेना, पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा।<br>12. भारत के किसी एक भाग में राष्ट्रीय आपदा की घोषणा।<br>13. राज्य में राष्ट्रपति शासन के कार्यकाल में एक बार में छह माह से एक साल तक बढ़ोतरी।<br>14. केंद्र को किसी राज्य में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैन्य बल भेजने की शक्ति।<br>15. पांच विषयों का राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरण, जैसे—शिक्षा, वन, वन्य जीवों एवं पक्षियों का संरक्षण, नाप-तौल और न्याय प्रशासन एवं उच्चतम और उच्चन्यायालय के अलावा सभी न्यायालयों का गठन और संगठन।<br>16. संसद और विधानमंडल में कोरम की आवश्यकता की समाप्ति।<br>17. संसद को यह निर्णय लेने में शक्ति प्रदान की कि समय-समय पर अपने सदस्यों एवं समितियों के अधिकार एवं विशेषाधिकारों का निर्धारण करे।<br>18. अखिल भारतीय विधिक सेवा के निर्माण की व्यवस्था।<br>19. सिविल सेवक को दूसरे चरण पर जांच के उपरांत प्रतिवेदन के अधिकार को समाप्त कर अनुशासनात्मक कार्यवाही को छोटा किया गया (प्रस्तावित दण्ड के मामले में) |
| 43वां संशोधन अधिनियम, 1977<br>(जनता सरकार द्वारा 1976 में 42वें संशोधन के मामलों को रद्द करने के संदर्भ में) | 1. न्यायिक समीक्षा एवं रिट जारी करने के संदर्भ में उच्चतम न्यायालयों एवं उच्च न्यायालयों के न्याय क्षेत्र का पुनर्संयोजन।<br>2. राष्ट्र विरोधी कार्यकलापों के संबंध में विधि बनाने की संसद की शक्ति हटा दी गई। |
| 44वां संशोधन अधिनियम, 1978<br>(42वां संशोधन के तहत कुछ मामलों को रद्द | 1. लोकसभा एवं राज्य विधानमंडल के कार्यकाल को पूर्ववत् रखा गया (5 वर्ष)। |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| करने के संदर्भ में जनता सरकार द्वारा प्रभावी) | 2. संसद एवं राज्य विधानमंडल में कोरम के उपबंध को पूर्ववत रखा।<br>3. संसदीय विशेषाधिकारों के संबंध में ब्रिटिश हाउस ऑफ़ कॉमन्स के संदर्भ को हटा दिया गया।<br>4. संसद एवं राज्य विधानमंडल की कार्यवाही की रिपोर्ट के समाचारपत्र में प्रकाशन के लिए सांविधानिक संरक्षण प्रदान किया गया।<br>5. कैबिनेट की सलाह को पुनर्विचार के लिए एक बार भेजने की राष्ट्रपति को शक्ति, परन्तु पुनर्विचार के बाध्य यह बाध्यकारी होगी।<br>6. अध्यादेश जारी करने में राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं प्रशासक की संतुष्टि के उपबंध को समाप्त किया गया।<br>7. उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय की कुछ शक्तियों को फिर से प्रदान किया गया।<br>8. राष्ट्रीय आपात के संदर्भ में 'आंतरिक अशांति' शब्द के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द रखा गया।<br>9. राष्ट्रपति के लिए यह व्यवस्था बनाई गई कि वह केवल कैबिनेट की लिखित सिफारिश पर ही आपातकाल घोषित कर सकता है।<br>10. राष्ट्रीय आपात और राष्ट्रपति शासन के मुद्दे पर सुरक्षा की दृष्टि से कुछ और व्यवस्थाएं बनाईं।<br>11. मूल अधिकारों की सूची से संपत्ति का अधिकार समाप्त किया गया और इसे केवल विधिक अधिकार बनाया गया।<br>12. अनुच्छेद 20 और 21 द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों को राष्ट्रीय आपातकाल में निलंबित नहीं किया जा सकता।<br>13. उस उपबंध को हटाया गया जिसने न्यायालय के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के निर्वाचन संबंधी विवाद मामलों पर निर्णय देने की शक्ति छीन ली थी। |
| 45वां संशोधन अधिनियम, 1980 | अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण एवं लोकसभा व विधानमंडल में आंग्ल-भारतीयों के विशेष प्रतिनिधित्व को और दस वर्ष के लिए (1990 तक) बढ़ाया गया। |
| 46वां संशोधन अधिनियम, 1982 | 1. राज्यों को विधियों में कमियों को समाप्त करने और ब्रिक्री कर बकायों को वसूलने में समर्थ बनाया गया।<br>2. कुछ वस्तुओं पर एक समान कर दर की व्यवस्था। |
| 47वां संशोधन अधिनियम, 1984 | नौवीं अनुसूची में कुछ राज्यों के 14 भू-सुधार अधिनियमों को जोड़ा गया। |
| 48वां संशोधन अधिनियम, 1984 | पंजाब में राष्ट्रपति शासन को ऐसे विस्तार हेतु दो विशेष शर्तों को पूरा किए बिना एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ाया जाना। |
| 49वां संशोधन अधिनियम, 1984 | त्रिपुरा में स्वायत्त जिला परिषद को संवैधानिक मंजूरी। |

| *संशोधन संख्या एवं वर्ष* | *संविधान के संशोधित प्रावधान* |
|---|---|
| 50वां संशोधन अधिनियम, 1984 | आसूचना संगठनों और सशस्त्र बलों या आसूचना हेतु स्थापित दूरसंचार प्रणालियों में कार्यरत व्यक्तियों के मूल अधिकारों को प्रतिबंधित करने की संसद को शक्ति। |
| 51वां संशोधन अधिनियम, 1984 | मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम के लिए लोकसभा में सीटों के आरक्षण की व्यवस्था। इसी तरह मेघालय और नागालैंड की विधानसभा में व्यवस्था। |
| 52वां संशोधन अधिनियम, 1985 (इसे दल-बदल विरोधी विधि के रूप में जाना जाता है) | इसके तहत संसद एवं राज्य विधानमंडल के सदस्यों को दल-बदल के मामले में निरर्हक ठहराने की व्यवस्था है इसके लिए विस्तार से दसवीं अनुसूची को जोड़ा गया है। |
| 53वां संशोधन अधिनियम, 1986 | मिजोरम के लिए विशेष उपबंध एवं इसकी विधानसभा के लिए न्यूनतम 40 सदस्यों की व्यवस्था। |
| 54वां संशोधन अधिनियम, 1986 | उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन में बढ़ोतरी और भविष्य में संसद को साधारण विधि द्वारा इसमें परिवर्तन का अधिकार। |
| 55वां संशोधन अधिनियम, 1986 | अरुणाचल प्रदेश के लिए विशेष व्यवस्था बनाते हुए इसके विधानसभा सदस्यों की संख्या 30 निश्चित की गई। |
| 56वां संशोधन अधिनियम, 1987 | गोवा विधानसभा के सदस्यों की संख्या 30 निश्चित की गई। |
| 57वां संशोधन अधिनियम, 1987 | अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड विधानसभा में अनुसूचित जनजाति की सीटों का आरक्षण। |
| 58वां संशोधन अधिनियम, 1987 | हिन्दी भाषा में संविधान का प्राधिकृत पाठ उपलब्ध कराया गया और संविधान के हिन्दी पाठ समान विधिक मान्यता प्रदान की गई। |
| 59वां संशोधन अधिनियम, 1988 | 1. पंजाब में राष्ट्रपति शासन का तीन वर्ष के लिए विस्तार।<br>2. आंतरिक अशांति के आधार पर पंजाब में राष्ट्रीय आपात की घोषणा। |
| 60वां संशोधन अधिनियम, 1988 | व्यवसाय, वृति और रोजगारों पर करों की सीमा को 250 रु. प्रति वर्ष से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति वर्ष किया गया। |
| 61वां संशोधन अधिनियम, 1989 | लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई। |
| 62वां संशोधन अधिनियम, 1989 | अनुसूचित जाति एवं जनजाति को आरक्षण एवं लोकसभा एवं विधानसभा में आंग्ल-भारतीयों को प्रतिनिधित्व में 10 वर्ष (वर्ष 2000 तक) वृद्धि। |
| 63वां संशोधन अधिनियम, 1989 | 59वां संशोधन अधिनियम, 1988 के तहत पंजाब के संबंध में किए गए परिवर्तन निरस्त किए गए। दूसरे शब्दों में, पंजाब में आपातकाल की व्यवस्था अन्य क्षेत्रों के समान की गई। |
| 64वां संशोधन अधिनियम, 1990 | पंजाब में राष्ट्रपति शासन का विस्तार साढ़े तीन साल के लिए कर दिया गया। |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| 65वां संशोधन अधिनियम, 1990 | अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए राष्ट्रीय आयोग में विशेष अधिकारी के स्थान पर बहुसदस्यीय व्यवस्था का उपबंध किया गया। |
| 66वां संशोधन अधिनियम, 1990 | नौवीं सूची में विभिन्न राज्यों के 55 भू-सुधार अधिनियमों को शामिल किया गया। |
| 67वां संशोधन अधिनियम, 1990 | पंजाब में राष्ट्रपति शासन का चार वर्ष के लिए विस्तार। |
| 68वां संशोधन अधिनियम, 1991 | पंजाब में राष्ट्रपति शासन का पांच वर्ष के लिए विस्तार। |
| 69वां संशोधन अधिनियम, 1991 | केंद्रशासित राज्य दिल्ली को विशेष दर्जा देते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली बनाया गया। इस संशोधन में दिल्ली के लिए 70 सदस्यीय विधानसभा एवं 7 सदस्यीय मंत्रिपरिषद की व्यवस्था भी की गई। |
| 70वां संशोधन अधिनियम, 1992 | राष्ट्रपति के निर्वाचन में निर्वाचन कॉलेज के रूप में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधानसभा के सदस्यों एवं केंद्रशासित राज्य पुडुचेरी को भी शामिल किया गया। |
| 71वां संशोधन अधिनियम, 1992 | कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया।इसके साथ ही अनुसूचित भाषाओं की संख्या बढ़कर 18 हो गई। |
| 72वां संशोधन अधिनियम, 1992 | त्रिपुरा विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों के आरक्षण की व्यवस्था। |
| 73वां संशोधन अधिनियम, 1992 | पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक स्थिति एवं सुरक्षा प्रदान की गई। इस उद्देश्य के लिए संशोधन में नया भाग IX जोड़ा गया जिसे 'पंचायत' नाम दिया गया और नई 11वीं अनुसूची में पंचायत की 29 कार्यात्मक मदें जोड़ी गईं। |
| 74वां संशोधन अधिनियम, 1992 | शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक स्थिति एवं सुरक्षा प्रदान की गई। इस उद्देश्य के लिए संशोधन ने नया भाग IX क जोड़ा जिसे 'नगरपालिकाएं' नाम दिया गया और नई बारहवीं अनुसूची में नगरपालिकाओं की 18 कार्यात्मक मदें जोड़ी गईं। |
| 75वां संशोधन अधिनियम, 1994 | किराया न्यायालय की स्थापना जो किराया विवादों को सुलझाएं। यह न्यायालय किराया मामलों में मकान मालिक एवं किरायेदार के हितों के संबंध में नियामक एवं नियंत्रण स्थापित करेंगे। |
| 76वां संशोधन अधिनियम, 1994 | तमिलनाडु आरक्षण अधिनियम,1994 को (जो राज्य के शैक्षणिक संस्थानों एवं राज्य सेवाओं को 69 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराता है) नौवीं अनुसूची में न्यायिक समीक्षा से संरक्षण के लिए जोड़ा गया। 1992 में उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी कि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| 77वां संशोधन अधिनियम, 1995 | सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों की प्रोन्नति के लिए आरक्षण की व्यवस्था। इस संशोधन ने उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रोन्नति के संबंध में दिए गए निर्णय को समाप्त कर दिया। |

| *संशोधन संख्या एवं वर्ष* | *संविधान के संशोधित प्रावधान* |
|---|---|
| 78वां संशोधन अधिनियम, 1995 | नौवीं अनुसूची में विभिन्न राज्यों के 27 और भूमि सुधार अधिनियमों को शामिल किया गया। इसके बाद इस अनुसूची में कुल अधिनियमों की संख्या बढ़कर 282 हो गई। परन्तु अंतिम प्रविष्टि संख्या 284 है। |
| 79वां संशोधन अधिनियम, 1999 | अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आरक्षण एवं लोकसभा व विधान सभाओं में आंग्ल-भारतीय प्रतिनिधित्व को और 10 साल के लिए (2010 तक) बढ़ाया गया। |
| 80वां संशोधन अधिनियम, 2000 | केंद्र एवं राज्य के बीच राजस्व की वैकल्पिक अवमूल्यन योजना' की व्यवस्था। यह व्यवस्था 10वें वित्त आयोग की सिफारिश के बाद की गई। सिफारिश में कहा गया था कि केन्द्रीय करों एवं शुल्कों से प्राप्त कुल आय का 29 प्रतिशत राज्यों के बीच बंटना चाहिए। |
| 81वां संशोधन अधिनियम, 2000 | राज्य को शक्ति प्रदान की गई कि किसी वर्ष में भरी न जा सकी आरक्षित श्रेणी की रिक्तियों को अन्य अनुवर्ती वर्ष या वर्षों के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की पृथक श्रेणी माना जाए। ऐसी रिक्तियों को उस वर्ष की रिक्तियों में न मिलाया जाए जिस वर्ष वे भरी जाएं और उन्हें उस वर्ष की कुल रिक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा में सम्मिलित न माना जाए। दूसरे शब्दों में इस संशोधन ने बैकलॉग रिक्तियों के मामले में 50 प्रतिशत तक की आरक्षण की सीमा को समाप्त कर दिया। |
| 82वां संशोधन अधिनियम, 2000 | अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पक्ष में यह व्यवस्था कि केंद्र एवं राज्य लोक सेवाओं में आरक्षण एवं प्रोन्नति के मसले पर अंकों एवं योग्यता में छूट का उपबंध। |
| 83वां संशोधन अधिनियम, 2000 | अरुणाचल प्रदेश में पंचायतों में अनुसूचित जाति के लिए कोई आरक्षण की जरूरत नहीं है। राज्य की समूची जनसंख्या जनजातीय है, वहां कोई भी अनुसूचित जाति का नहीं है। |
| 84वां संशोधन अधिनियम, 2001 | लोक सभा एवं राज्य विधानसभा सीटों के पुनर्निर्धारण पर 25 वर्ष के लिए (2026 तक) पाबंदी बढ़ाई गई। ऐसा जनसंख्या को सीमित करने के लिए किया गया। दूसरे शब्दों में, लोकसभा एवं विधानसभाओं में सीटों की संख्या 2026 तक यही रहेगी। यह व्यवस्था भी की गई कि राज्यों में निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण 1991 की जनगणना के आधार पर होगा। |
| 85वां संशोधन अधिनियम, 2001 | सरकारी नौकरियों में प्रोन्नति के मामले (जिनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण भी हैं) के लिए 'परिणामिक वरिष्ठता' को जून 1995 से प्रभावी मानने की व्यवस्था। |
| 86वां संशोधन अधिनियम, 2002 | 1. प्रारम्भिक शिक्षा को मूल अधिकार बनाया गया। नए अनुच्छेद 21क में घोषणा की गई कि 'राज्यों को 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क प्रारम्भिक शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए।' |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| | 2. निदेशक तत्वों के मामले में अनुच्छेद 45 की विषय-वस्तु बदली गई, राज्य सभी बालकों को चौदह वर्ष की आयु पूरी जाने तक निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के लिए उपबंध करने का प्रयास करेगा।'<br>3. अनुच्छेद 51क के तहत एक नया मूल कर्तव्य जोड़ा गया जिसे पढ़ा गया, ''यह हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह अपने बच्चे को चाहे वह उसके माता-पिता हो या अभिभावक छह और 14 वर्ष की उम्र तक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराए।'' |
| 87वां संशोधन अधिनियम, 2003 | क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण का आधार 2001 की जनगणना के आधार पर होगा न कि 1991 की जनगणना पर जैसा कि 84वें संशोधन अधिनियम, 2001 में व्यवस्था की गई थी। |
| 88वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 | इस अधिनियम द्वारा सेवा कर (अनुच्छेद 268 क) के संबंध में उपबंध बनाये गये हैं। सेवाओं पर कर केंद्र द्वारा लगाया जायेगा लेकिन इसकी प्राप्तियां केन्द्र और राज्य द्वारा संगृहित और विनियोजित संसद द्वारा सुझाये गये फॉर्मूले के अनुसार की जाएंगी। |
| 89वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 | इस संविधान संशोधन अधिनियम, द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग का दो भागों में विभाजन कर दिया गया है। अब इनके नाम क्रमश: राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (अनुच्छेद 338) एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (अनुच्छेद 338क) होंगे। दोनों ही आयोगों में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष तथा तीन अन्य सदस्य होंगे। इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी। |
| 90वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 | यह संविधान संशोधन असम में बोडोलैंड टेरिटोरियल एरियाज डिस्ट्रिक से असम विधान सभा में अनुसूचित जनजातियों और गैर-अनुसूचित जनजातियों के लिए पूर्व प्रतिनिधित्व को कायम रखा हैं। |
| 91वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 | इस संविधान संशोधन अधिनियम, द्वारा मंत्रिपरिषद के आकार को निश्चित कर दिया गया है। इसका उद्देश्य दोषियों को लोक पद धारण करने से रोकना और दल-बदल कानून को मजबूती प्रदान करता है:<br>1. केंद्रीय मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री समेत मंत्रियों की अधिकतम संख्या लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी [अनुच्छेद 75(1क)]<br>2. संसद के किसी भी सदन का सदस्य यदि दल-बदल के आधार पर सदस्यता निरर्हक करार दिया जाता है तो ऐसा सदस्य मंत्री होने पर मंत्री पद के लिए भी निरर्हक होगा [अनुच्छेद 75(1ख)] |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| | 3. राज्यों में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की अधिकतम संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी किंतु राज्यों में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की न्यूनतम संख्या 12 से कम नहीं होगी। (अनुच्छेद 164 क)<br>4. राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन का सदस्य यदि दल-बदल के आधार पर सदस्यता से निरर्हक करार दिया जाता है तो ऐसा सदस्य मंत्री होने पर मंत्री पद के लिए भी निरर्हक होगा [अनुच्छेद 164(1ख)]<br>5. संसद या राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन का सदस्य चाहे वह किसी भी दल से संबंधित हो यदि दलबदल के आधार पर सदस्यता से निरर्हक करार दिया जाता है तो ऐसा सदस्य किसी भी लाभप्रद राजनैतिक पद को धारित करने के लिए भी निरर्हक होगा। ऐसे पद से अभिप्राय है:<br>(i) केंद्र या राज्य सरकार के अधीन कोई पद जहां उस पद के लिये लोक राजस्व से वेतन एवं अन्य सुविधाओं के लिये भुगतान किया जाता है, या (ii) केंद्र या राज्य सरकार के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रणाधीन कोई पद जहां उस पद के लिये लोक राजस्व से वेतन एवं अन्य सुविधाओं के लिये भुगतान किया जाता है, सिवाए जहां वेतन या पारिश्रमिक क्षतिपूरक प्रकृति का हो [अनुच्छेद 361 (1ख)]<br>6. दसवीं अनुसूची में वर्णित वह उपबंध, जिसके अनुसार यदि किसी दल के एक-तिहाई सदस्य दल-बदल करते हैं तो उन्हें अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता, इस उपबंध को समाप्त कर दिया गया है। इसका अर्थ है कि दोषियों को फूट के आधार पर कोई संरक्षण प्राप्त नहीं है। |
| 92वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 | संविधान की आठवीं अनुसूची में चार अन्य भाषायें जोड़ी गयीं। ये भाषायें हैं—बोडो, डोगरी, मैथिली एवं संथाली। इनके साथ अनुसूचित भाषाओं की कुल संख्या 22 हो गयी है। |
| 93वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2005 | राज्यों को सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के लिये शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण करने हेतु विशेष उपबंध बनाने की शक्ति प्रदान करता है। इन शैक्षणिक संस्थानों में निजी क्षेत्र के संस्थान [अल्पसंख्यक संस्थानों को छोड़कर (खण्ड 5) अनुच्छेद 15] भी शामिल हैं। यह संविधान संशोधन 2005 के इनामदार केस में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये उस निर्णय के परिप्रेक्ष्य में लाया गया जिसमें इस न्यायालय ने कहा था कि सरकार अपनी आरक्षण नीति को अल्पसंख्यक संस्थानों एवं गैर-अल्पसंख्यक संस्थानों, |

| संशोधन संख्या एवं वर्ष | संविधान के संशोधित प्रावधान |
|---|---|
| | सहायतारहित निजी महाविद्यालयों जिनमें प्रोफ़ेशनल महाविद्यालय भी शामिल हैं, नहीं थोपेंगी। न्यायालय ने निर्णय दिया था कि निजी गैर-सहायता प्राप्त शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण असंवैधानिक है। |
| 94वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2006 | इस संविधान संशोधन द्वारा बिहार को एक जनजातीय मंत्री की नियुक्ति करने की बाध्यता से मुक्त करते हुये इस उपबंध को अब झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़ के लिये लागू कर दिया गया है। इन दो नव-गठित राज्यों के साथ ही यह उपबंध अब मध्य प्रदेश एवं ओडीशा में भी प्रभावी हो गया है। जहां यह पहले ही प्रयोग में था [अनुच्छेद 164 (1)] |
| 95वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2009 | लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों तथा आंग्ल-इंडियन्स के लिए विशेष आरक्षण को अगले 10 वर्षों (2020 तक) बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। [अनुच्छेद 334] |
| 96वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2011 | ''उरिया'' (Oriya) के स्थान पर ''उड़िया''(Odia)। अंग्रेजी भाषा की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित ''उरिया'' भाषा के उच्चारण को बदलकर ''उड़िया'' किया गया है। |
| 97वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2011 | इस संशोधन के द्वारा सहकारी समितियों को एक संवैधानिक स्थान एवं संरक्षण प्रदान किया गया। संशोधन द्वारा संविधान में निम्नलिखित तीन बदलाव किए गए:<br>(i) सहकारी समिति बनाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार बन गया। [अनुच्छेद 19]<br>(ii) राज्य की नीति में सहकारी समितियों को बढ़ावा देने का एक नया नीति निदेशक सिद्धांत का समावेश। [अनुच्छेद 43ख]<br>(iii) ''सहकारी समितियां'' नाम से एक नया भाग-IX-ख संविधान में जोड़ा गया। [अनुच्छेद 243यज से 243 यन] |
| 98वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2012 | कर्नाटक राज्य के हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान। विशेष प्रावधान का लक्ष्य एक ऐसे संस्थागत क्षेत्र की स्थापना से है जोकि विकास की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही मानव संसाधन को बढ़ाने और शैक्षिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण से सेवा और आरक्षण के साथ रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं संस्थानों को धन का न्यायसंगत आबंटन कर सके। (अनुच्छेद 371झ) |
| 99वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2014 | सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली के स्थान पर एक नये निकाय ''राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग'' (National Judicial Appointments Commission) की स्थापना की। हालांकि वर्ष 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस संशोधन को असंवैधानिक एवं रद्द घोषित कर दिया। परिणामस्वरूप पूर्व में चल रही कॉलेजियम प्रणाली पुनः लागू की |

| *संशोधन संख्या एवं वर्ष* | *संविधान के संशोधित प्रावधान* |
|---|---|
| | गई (संशोधित अनुच्छेद 124, 127, 128, 217, 222, 224, 224क, 231 तथा सन्निविष्ट अनुच्छेद 124क, 124ख, 124ग) |
| 100वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2015 | भारत द्वारा कतिपय भू-भाग का अधिग्रहण एवं कुछ अन्य भू-भाग का बांग्लादेश को हस्तांतरण (अंत:क्षेत्रों की अदला-बदली तथा विपरीत दखल की अवधारणा के द्वारा), भारत-बांग्लादेश भूमि सीमा समझौता 1974 तथा इसके प्रोटोकॉल 2011 के अनुपालन में। इस उद्देश्य के लिए इस संशोधित अधिनियम ने चार राज्यों (असम, पश्चिम बंगाल, मेघालय एवं त्रिपुरा) के भू-भागों से संबंधित संविधान की पहली अनुसूची के प्रावधानों को संशोधित किया। |